दिनांक 22.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी श्री सत्येन्द्र सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में ''मोर जमीन मोर मकान योजना'' तथा भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) योजना हेतु निर्माण संबंधी प्रगति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

श्री सिंह द्वारा खम्हरिया में भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) योजना की नई स्वीकृति योजना 1120 एवं 896 यूनिट स्ट्रक्चरल ड्राईंग डिजाईन पीएमसी एजेंसी को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। पूर्व में 444 नग प्रगतिरत आवास को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। ''मोर जमीन मोर मकान योजना'' में हितग्राहियों के अरेंजमेंट एवं प्रगतिरत निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सहायक अभियंता बी0के0 सिंह, विनीता वर्मा, उप अभियंता जयंत शर्मा, सीएलटीसी से सुधांशु शर्मा, आशुतोष ताम्रकर, अभिषेक बजाज के साथ समस्त वास्तुविद एवं पीएमसी की टीम उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी